उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# ANGELS IN KHAKI

## फतेहगढ़ पुलिस

### थाना शमसाबाद




दिनांक 11.08.2026 को एक व्यक्ति निवासी बराबिकू कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़ द्वारा थाना शमसाबाद क्षेत्रान्तर्गत ढाई घाट पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी गई। मौके पर मौजूद थाना शमसाबाद पुलिस द्वारा तत्काल गोताखोरों की सहायता से व्यक्ति को गंगा नदी से सकुशल जीवित बाहर निकाल लिया गया। पूछताछ में व्यक्ति द्वारा बताया गया कि वह कैंसर से पीड़ित है तथा उनकी पत्नी की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है, जिसके कारण वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान चल रहे थे, इसी कारण आत्महत्या का प्रयास किया। थाना शमसाबाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए व्यक्ति के परिजनों से संपर्क कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों सहित वहां उपस्थित लोगों ने पुलिस टीम की संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

मीडिया सेल फतेहगढ़